# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

## ऑनलाईन आवेदन के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों के लिए अनुदेश

## 1. ऑनलाईन आवेदन के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना :–

- **ऑनलाईन आवेदन प्रकिया–** आवेदन On line Application Form में लिये जाएंगे, जिन्हें **राज्य के निर्धारित ई–मित्र कियोस्क** या **जन सुविधा केन्द्र (C.S.C.)** के माध्यम से भरा जा सकता है। इस हेतु अभ्यर्थी द्वारा **रूपये 40/– (रू. 35/–** आवेदन–पत्र भरने हेतु + **रूपये 5/–** परीक्षा शुल्क जमा कराने हेतु) की राशि सेवा प्रदाता को सेवा शुल्क के रूप में देनी होगी। आवेदक यदि स्वयं अपने स्तर पर ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरना चाहता है, तो वह **ई–मित्र कियोस्क या जन सुविधा केन्द्र** पर केवल परीक्षा शुल्क जमा कराकर आयोग की वेबसाइट **http://www.rpsc.gov.in** से स्वयं आवेदन भर सकता है। इस स्थिति में उसे वहां परीक्षा शुल्क जमा कराने हेतु मात्र रूपये **5/–** ही सेवा शुल्क देना होगा। कियोस्क द्वारा आवेदन भरवाने पर आवेदक को 35/– रूपये की रसीद प्रथक से कटवानी होगी ।
- **परीक्षा शुल्क** :– : आवेदक अपनी श्रेणी के अनुरूप निम्नानुसार परीक्षा शुल्क **राज्य के निर्धारित ई–मित्र कियोस्क** या **जन सुविधा केन्द्र (C.S.C.)** के माध्यम से आयोग को भेजें:–

  (क) सामान्य वर्ग व क्रीमीलेयर श्रेणी के पिछड़ा वर्ग /विशेष पिछड़ा वर्ग के आवेदक हेतु – **रूपये 250/–**

  (ख) राजस्थान के नॉन क्रीमीलेयर श्रेणी के पिछड़ा वर्ग एवं विशेष पिछड़ा वर्ग के आवेदक हेतु– **रूपये 150/–**

  (ग) समस्त निःशक्तजन तथा राजस्थान की अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के आवेदक हेतु– **रूपये 50/–**

  (टी.एस.पी क्षेत्र के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति एवं बारां जिले के किशनगंज और शाहबाद तहसील (राजस्थान) से सहरिया जनजाति हेतु भी परीक्षा शुल्क रूपये 50/– होगा)

  ***नोट*** *:–1. ऑनलाइन आवेदन का निर्धारित सेवा शुल्क* ***रूपये 40/– (रू. 35*** *आवेदन पत्र भरने हेतु +* ***रूपये 5/–*** *परीक्षा शुल्क जमा कराने हेतु) अतिरिक्त रूप में सभी को देने होंगे।*

  *2. ऑनलाईन आवेदन में सुविधा हेतु आवेदक आवेदन–पत्र का प्रारूप आयोग की वेबसाईट से डाउनलोड कर लें और उसे ऑनलाईन आवेदन से पूर्व हाथ से भर लें। यह प्रारूप ई–मित्र कियोस्क या जन सुविधा केन्द्र पर निःशुल्क उपलब्ध होगा।*

  *3. आवेदक अपना ऑनलाईन आवेदन–पत्र अंतिम रूप से भेजने से पूर्व उसकी प्रविष्टियों का प्रिंट आउट लेकर आश्वस्त हो लें कि सभी प्रविष्टियां सही–सही भरी गई हैं।*

  *4. अभ्यर्थी को प्रत्येक पद के लिये पृथक–पृथक आवेदन करना होगा।*
- **समय–** आवेदन के अन्तिम दिनांक को **रात्रि 12–00 बजे तक** आवेदन भरा जा सकता है। (इसके उपरांत लिंक निष्क्रिय हो जाएगा।) आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑन–लाईन आवेदन की अन्तिम दिनांक का इन्तजार किये बिना समय सीमा के भीतर ऑन–लाईन आवेदन करें।

## 2. ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने सम्बंधी सामान्य निर्देश :–

1. अभ्यर्थी जिस श्रेणी के तहत आवेदन करने का पात्र है, उस श्रेणी में आवेदन करें। सम्बंधित परीक्षा के संदर्भ में प्रकाशित विज्ञापन में दिए गऐ निर्देश एवं विहित पात्रता के विस्तृत अनुदेशों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

2. आवेदक यह ध्यान रखें कि आयोग द्वारा प्रथमदृष्टया ऑनलाईन आवेदन में भरी सूचना के आधार पर ही आवेदक की पात्रता की जांच की जाएगी एवं यदि आवेदक उसके द्वारा भरी गई सूचना के आधार पर अपात्र पाया जाता है तो परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र में भरी गई प्रविष्टियों में बाद में किसी परिवर्धन/परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी एवं इस सम्बंध में कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। किसी भी त्रुटि के लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा।

3. ऑनलाईन आवेदन में सामान्य आवेदन पत्र की ही भांति अभ्यर्थी को रिक्तियों की पूर्ति करनी होगी किन्तु उन्हें आवश्यक रूप से आयोग के ऑनलाईन एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर में भरकर ऑनलाईन रूप में ही Submit करना होगा।

आवेदक को सलाह दी जाती है कि ऑनलाईन आवेदन भरने में त्रुटि न हो इसके लिए वे प्रथमतः आयोग की वेबसाईट से ऑफलाईन आवेदन पत्र के प्रपत्र का **प्रिन्ट आउट** ले लें और उसे हाथ से भरकर सभी प्रविष्टियों का सही होना सुनिश्चित कर लें। विशेषतः ई–मित्र कियोस्क/जन सुविधा केन्द्र (C.S.C.) के माध्यम से आवेदन करते समय उन्हें अपने द्वारा भरा हुआ प्रपत्र दे दें और कियोस्क धारक द्वारा अंतिम रूप से फार्म Submit करने से पूर्व उसका प्रिन्ट आउट भी ले लें।

4. आवेदक को आवेदन के साथ अपने **फोटोग्राफ** व **हस्ताक्षर** की स्केन की हुई प्रति भी Submit करनी होगी। इस हेतु अपने साथ अपना पासपोर्ट साईज फोटो भी कियोस्क पर साथ लाएं या फिर कियोस्क धारक के पास उपलब्ध वेब कैमरे से अपनी फोटो खिंचवाएं। अभ्यर्थी अपने साथ अपने फोटो की डिजिटल/सॉफ्ट कॉपी भी सीडी या पेन ड्राईव में ले जा सकते हैं।

5. ऑनलाईन आवेदन प्रपत्र में रिक्त स्थान (Fields) दो प्रकार के हैं:–

   1. जिनमें आवेदक को पूरी सूचना स्वयं भरनी हैं।

   2. जिनमें आवेदक को मांगी गई सूचना के समक्ष अंकित विकल्पों में से किसी एक चुनना है। (ऑनलाईन आवेदन में चयनात्मक विकल्प ही दो प्रकार के हैं–– कुछ बिन्दुओं पर उनके सामने Dropdown Menu से सलेक्ट करना होगा और कुछ में Radio Button/Box में क्लिक करना होगा )

   **नोट** :– कुछ रिक्तियां अनिवार्य प्रकृति की होंगी और कुछ ऐच्छिक प्रकृति की। अनिवार्य रिक्तियों में प्रविष्टि के समक्ष ***** चिन्ह अंकित है और उनकी पूर्ति करना अभ्यर्थी को आवश्यक होगा। ऐच्छिक रिक्तियों में आवेदक अपनी अतिरिक्त श्रेणी या योग्यता के अनुरूप प्रविष्टि करेंगे, अन्यथा उस श्रेणी में न आने पर उसे रिक्त छोड़ देंगे।

6. ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु ई–मित्र कियोस्क/जन सुविधा केन्द्र सी.एस.सी. पर निर्धारित फीस जमा कराने के उपरान्त अभ्यर्थी को रसीद के साथ एक **16 अंकों वाला टोकन नम्बर** प्राप्त होगा। अभ्यर्थी चाहे तो इस टोकन नम्बर को भर कर स्वयं आवेदन पत्र भर ले या फिर ई–मित्र कियोक्स धारक से ही आवेदन भरा लें। ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आयोग की वेबसाईट पर अभ्यर्थी ऑनलाईन एप्लीकेशन पर क्लिक करें और उसके बाद चरणबद्ध रूप में निर्धारित आईकन को क्लिक करते हुए और भरते हुए आवेदन पत्र जमा कराए। आवेदन पत्र भरने की चरणबद्ध प्रक्रिया इस निर्देश के पृष्ठ संख्या 5 से 12 तक प्रदर्शित है। **मूल आवेदन पत्र** के विभिन्न बिन्दुओं को भरने संबंधी निर्देश निम्नानुसार अंकित हैं।

## 3. ऑनलाईन आवेदन प्रपत्र भरने सम्बंधी बिन्दुवार निर्देश

**आवेदन पत्र मुख्यतः आठ भागों में विभक्त है और प्रत्येक भाग में बिन्दुवार अलग–अलग सूचना भरी जानी होगी –**

**बिन्दु सं. 1 : परीक्षा का विवरण**

बिन्दु सं. 1.1 : परीक्षा के लिए चुने गए जिला मुख्यालय का नाम लिखें। यदि परीक्षा आयोग द्वारा किसी एक ही जिले या सम्भागीय मुख्यालय पर कराई जाती है तो आवेदन में केवल एक ही विकल्प प्रदर्शित हो सकता है अलग–अलग विकल्प प्रदर्शित होने पर भी आयोग अपने विवेकानुसार परीक्षा केन्द्र निर्धारित कर सकता है।

बिन्दु सं. 1.2 : परीक्षा के लिए चुने गए माध्यम का उल्लेख करें। माध्यम की सुविधा परीक्षा की प्रकृति, सम्बद्ध नियमों के प्रावधान तथा आयोग के विवेक के अनुरूप होगा। वस्तुपरक परीक्षाओं में प्रश्न–पत्र द्विभाषीय या एकभाषीय किसी भी रूप में हो सकता है।

**बिन्दु सं. 2 : आवेदक का विवरण**

<u>बिन्दु सं. 2.1</u> : आवेदक अपने नाम की पूर्ति करें। नाम के साथ Shri, Smt. Mrs., Kumari, Dr. आदि शब्दों का प्रयोग नहीं करें। नाम व पिता के नाम हेतु निर्धारित स्थान कम पड़ता हो तो, निम्न प्रकार लघु कर लिखा जावे – RAJENDRA PRATAP SINGH SHAKTAWAT को R P S SHAKTAWAT लिखा जा सकता है।

<u>बिन्दु सं. 2.2</u> : आवेदक अपने पिता के नाम की पूर्ति करें। यहां भी नाम के साथ Shri, Smt. Mrs., Kumari, Dr. आदि शब्दों का प्रयोग नहीं करें।

<u>बिन्दु सं. 2.3</u> : सेकेण्डरी अथवा समकक्ष परीक्षा के प्रमाण पत्र में अंकित जन्म दिनांक की प्रविष्टि करें।

<u>बिन्दु सं. 2.4</u> : आवेदक पुरूष/महिला में से एक विकल्प का चयन करें।

<u>बिन्दु सं. 2.5</u> : आवेदक वैवाहिक स्थिति हेतु विवाहित या अविवाहित में से कोई एक विकल्प को मार्क करें।

<u>बिन्दु सं. 2.6</u> : आरक्षण के संबंध में आवेदक जिस श्रेणी से सम्बंधित है, उससे सम्बंधित बॉक्स को मार्क करे। यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपने जिस श्रेणी में अंकन किया है उस श्रेणी का ही निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा कराया है।

<u>बिन्दु सं. 2.7</u> : आवेदक अपने गृह राज्य को मार्क करें, जहां का वह मूल निवासी है। यदि आवेदक राजस्थान से भिन्न राज्य का मूल निवासी है तो अन्य राज्य के बॉक्स में क्लिक करें और उसके उपरान्त एक नया बॉक्स खुलेगा जिसमें से अपने राज्य का चयन करें।

<u>बिन्दु सं. .2.8</u> : आवेदक अपने स्थाई निवास के जिले का उल्लेख करें। राजस्थान राज्य के निवासियों के लिए आवेदन में विद्यमान विकल्पों में से किसी एक का चयन करना होगा जबकि अन्य राज्य के मूल निवासियों को स्वयं अपने जिले का नाम भरना होगा।

**<u>बिन्दु सं. 3</u> : अन्य विशेष श्रेणियों का विवरण**

आवेदक यदि इस भाग में अंकित किसी अन्य विशेष श्रेणी में आता हो, तो सम्बंधित बॉक्स में मार्क करे।

<u>बिन्दु सं. 3.1</u> : विकलांग उम्मीदवार अपनी विकलांगता की श्रेणी के अनुसार विकल्प को क्लिक करें ।यह ध्यान रखें कि उनको इस श्रेणी का लाभ राज्य सरकार के नियमों एवं प्रावधानों के अनुसार निर्धारित न्यूनतम विकलांगता प्रतिशत होने पर ही प्राप्त होगा।

<u>बिन्दु सं. 3.2</u> : विधवा एवं तलाकशुदा महिलाएं निर्धारित विकल्प को भरें अन्य महिलाएं इस विकल्प को रिक्त छोड़ दें।

<u>बिन्दु सं. 3.3</u> : यदि आवेदक इस सूचना के समक्ष किसी श्रेणी में आते है तो उसे क्लिक कर दें।

**<u>बिन्दु सं. 4</u> : पत्राचार की जानकारी का विवरणः**

<u>बिन्दु सं. 4.1</u> अपने पत्राचार का पता पूर्ण रूप में भरें। इस भाग में आवास का नम्बर, सड़क और मोहल्ला आदि का उल्लेख करें। इसमें तहसील, जिला, राज्य, पिन कोड आदि का अंकन न करें, इसके लिए बिन्दु सं. 4.2 से बिन्दु सं. 4.7 तक के निर्धारित भाग में प्रविष्टि करें।

<u>बिन्दु सं. 4.8</u> : अभ्यर्थी के पास यदि बेसिक/लेंडलाईन फोन की सुविधा है तो उसका अंकन कर दें। मोबाईल फोन के नम्बर का अंकन बिन्दु संख्या 4.10 में करें।

<u>बिन्दु सं. 4.9</u> : अभ्यर्थी अपना ई–मेल का पता भरें। जिन अभ्यर्थियों ने ई–मेल अकाउण्ट नहीं खोला है, वे इसे रिक्त छोड़ सकते हैं, किन्तु उन्हें सलाह दी जाती है कि भविष्य में पत्राचार की बेहतर सुविधा के लिए अपना ई–मेल अकाउण्ट अवश्य खोल लें।

बिन्दु सं. 4.10 : अभ्यर्थी अपना वह मोबाईल नम्बर अंकित करें, जिस पर वे परीक्षा सम्बन्धी जानकारी एस.एम.एस. सुविधा के द्वारा प्राप्त कर सकें। यह सुविधा आयोग के द्वारा प्रदत्त किये जाने पर ही उपलब्ध कराई जा सकेगी। कोई गलत मोबाईल नम्बर भरने पर आवेदक उत्तरदायी होगा।

**बिन्दु सं. 5 : योग्यता सम्बंधी विवरण:**

आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता की बिन्दु सं. 5.1 से बिन्दु सं. 5.4 तक में पूर्ति करें। अनुपयोगी कॉलम छोड़ दें। बिन्दु संख्या 5.3 में अंकित स्नातक योग्यता एवं बिन्दु संख्या 5.4 में स्नातकोत्तर योग्यता में यथा स्थिति **उत्तीर्ण** अथवा **अध्ययनरत** के विकल्प पर भी क्लिक करें।

**बिन्दु सं. 6 : अतिरिक्त योग्यता सम्बंधी विवरण:**

बिन्दु सं. 6.1 : अभ्यर्थी यदि कोई बिन्दु संख्या 5 के अतिरिक्त अन्य ऐसी योग्यता रखता है, जो इस परीक्षा हेतु वांछनीय है, तो उसका उल्लेख करें अन्यथा रिक्त छोड़ दें।

बिन्दु सं. 6.2 : आवेदन पत्र में उल्लेखित परीक्षा यदि उतीर्ण हो तो, सम्बंधित बॉक्स को मार्क करें।

बिन्दु सं. 6.3 : चिकित्सा सेवा के पदों के लिए इंटर्नशिप की अवधि का उल्लेख करें।

बिन्दु सं. 6.4 : अभ्यर्थी यदि कोई ऐसा सेवागत अनुभव रखता है, जो उसकी परीक्षा के लिए आवश्यक या वांछनीय मानी जाती है, तो उसका उल्लेख कर दें।

**बिन्दु सं. 7 : पहचान संबंधी विवरण :**

बिन्दु सं. 7.1 : आावेदक अपनी नवीनतम पासपोर्ट साईज की फोटो स्केन करा कर या सॉफ्टकॉपी के रूप में अपलोड करें। ध्यान रखें कि फोटो का फॉरमेट निर्धारित रूप में ही हो और 200 KB से अधिक साईज का न हो।

बिन्दु सं. 7.2 : आावेदक अपना हस्ताक्षर स्केन करा कर या सॉफ्टकॉपी के रूप में अपलोड करें। ध्यान रखें कि हस्ताक्षर का फारमेट निर्धारित रूप में ही हो और 100 KB से अधिक साईज का न हो। हस्ताक्षर हिन्दी या अंग्रेजी में हो सकता है और उसमें अभ्यर्थी को अपना पूरा नाम लिखना होगा, केवल संक्षिप्त हस्ताक्षर (Initials) को मान्य नहीं किया जाएगा।

बिन्दु सं. 7.3 : आवेदक अपने शरीर के उस निशान को अंकित करें, जो अमिट और सहज दृश्य हैं।

बिन्दु सं. 7.4 : ऑनलाईन आवेदन भरने के साथ यहां कम्प्यूटर द्वारा जनरेटेड एक कोड लिखा दिखाई देगा जिसे यथावत रूप में अभ्यर्थी को उसके सामने के रिक्त स्थान में भर देना होगा।

**बिन्दु सं. 8 : आवेदक की घोषणा:** : आवेदक को आवेदन पत्र में निर्धारित घोषणा की स्वीकृति हेतु केवल बॉक्स में क्लिक करना होगा।


## 4. आवेदन की चरणबद्ध प्रक्रिया

### चरण – 1 : Application Home Page:





सर्वप्रथम अभ्यर्थी “Apply Online” पर क्लिक करे. ( User will click on “Apply Online” Link. )

### चरण – 2 :



"Proceed"  बटन पर क्लिक करें. (Just Click on "Proceed" Button. )


## चरण – 3 :




कियोस्क से प्राप्त टोकन नंबर एवं जन्म दिनांक टाइप करें | "Validate" पर क्लिक करें.


(Enter Token Number got from Kiosk, and Date of Birth then click on "Validate")

## चरण – 4 :




परीक्षा का नाम एवं पद चुनें (Select Name of Exam and Post)

# चरण – 5 :



Application Form/ आवेदन पत्र

All fields marked with * are mandatory / स्टार * द्वारा मार्क किए गए फील्ड अनिवार्य हैं

## 1. Exam Details / परीक्षा का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1.1. | District Head Quarter for Exam / परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय * | ---Please Select Exam Centre--- |
| 1.2. | Medium of Examination / परीक्षा का माध्यम * | English |

## 2. Applicant's Details/आवेदक का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 2.1. | Applicants Full Name / आवेदक का पूरा नाम * | NAVEEN<br>( First Name MiddleName LastName As per the Secondary Certificate ) |
| 2.2. | Applicants Father Full Name / पिता का पूरा नाम * | FTEST<br>( First Name MiddleName LastName As per the Secondary Certificate ) |
| 2.3. | Date of Birth / जन्म तिथि * (dd-mm-yy) | 01-11-1983 |
| 2.4. | Gender / लिंग * | Male / पुरुष  Female / महिला |
| 2.5. | Marital Status / वैवाहिक स्थिति * | Unmarried / अविवाहित  Married / विवाहित |
| 2.6. | Category / मुख्य श्रेणी * | General/OBC( Creamy Layer ) / सामान्य / अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमी लेयर)<br>SC / अनुसूचित जाति<br>ST / अनुसूचित जनजाति<br>BC (Non Creamy Layer) / बी सी (गैर क्रीमी लेयर)<br>SBC / एस बी सी<br>TSP-SC / टीएसपी - अनुसूचित जाति<br>TSP-ST / टीएसपी - अनुसूचित जनजाति<br>Saharia Tribe from Kishanganj & Shahbad Tehsil Of Baran Distt ( Rajasthan ) / बारां जिले के किशनगंज और शाहबाद तहसील (राजस्थान) से सहरिया जनजाति |
| 2.7. | Home State (Bonafide Resident ) / गृह राज्य * | Rajasthan / राजस्थान  Other / अन्य |

## 3. Other Special Categories/ अन्य विशेष श्रेणियाँ

| | | |
|---|---|---|
| 3.1. | Category for Disabled Candidates/ विकलांग उम्मीदवार के लिए श्रेणी | Blind/Low vision / दृष्टिदोष / कम दृष्टि<br>Hearing impairment / श्रवणदोष या बहरापन<br>Locomotor/ C.P. Disorder / विकलांग / मस्तिष्क पक्षाघात विकार |
| 3.3. | Other Category/ अन्य श्रेणी | Ex-Serviceman / पूर्व सैनिक<br>Outstanding Sportsman / उत्कृष्ट खिलाड़ी<br>Departmental Employee / विभागीय कर्मचारी<br>NCC Cadet / एनसीसी कैडेट<br>Govt. service / Panchaytee Raj / Public Sector Employee / राजकीय कर्मचारी / पंचायती राज / सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी |

## 4. Correspondence Details/ पत्राचार का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 4.1. | Address/ पता * | |
| 4.2. | State / राज्य * | ---Please Select State--- |
| 4.3. | District / जिला * | ---Please Select District--- |
| 4.4. | Tehsil / तहसील * | ---Please Select Tehsil--- |
| 4.5. | City/Village / शहर / गाँव * | ---Please Select City--- |
| 4.6. | Post / पोस्ट | |
| 4.7. | PIN Code / पिन कोड * | |
| 4.8. | Email / ईमेल | (e.g. abc@yahoo.com) |
| 4.9. | Phone / फोन | |
| 4.10. | Mobile / मोबाइल | +91 |

## 5. Qualification / योग्यता

| | | Year / वर्ष | Division/Grade / श्रेणी / ग्रेड | |
|---|---|---|---|---|
| 5.1. | Secondary / माध्यमिक परीक्षा * | | | |
| 5.2. | Sr. Secondary / उच्च माध्यमिक परीक्षा * | | | |
| 5.3. | Graduation / स्नातक * | | | ○ Passed / उत्तीर्ण ○ Appearing / अध्यनरत |
| 5.4. | Post Graduation / स्नातकोत्तर * | | | ○ Passed / उत्तीर्ण ○ Appearing / अध्यनरत |

## 6. Additional Qualifications/Specifications / अतिरिक्त योग्यता / विनिर्देश

| | | |
|---|---|---|
| 6.1. | Other Specification/Qualification/ अन्य विनिर्देश / योग्यता | |
| 6.2. | Whether you have passed any of the following examination / क्या आप निम्न में से किसी परीक्षा में उत्तीर्ण है | ☐ M. Phil / एम. फिल ☐ NET / एन ई टी ☐ Ph.D. / पीएच.डी. ☐ SLET / एस एल ई टी ☐ JRF / जेआरएफ ☐ B.Ed. or equivalent / बीएड या समकक्ष ☐ B.S.T.C. or equivalent / बी एस टी सी या समकक्ष |
| 6.3. | Internship Period / इंटर्नशिप की अवधि | From Date / दिनांक से (Clear) To Date / दिनांक तक (Clear) |
| 6.4. | Experience / अनुभव | Year [Year] Month [Month] Day [Day] |




आवेदन पत्र भरने के पश्चात “Proceed”“Proceed” बटन पर क्लिक करें |

(After filling Application form , Click on “Proceed” Button.)

## चरण – 6 :

## Preview of Application Form

RPSC Web Portal
Rajasthan Public Service Commission

APPLICATION FORM

### 1. Exam Details / परीक्षा का विवरण

Examination Centre : JAIPUR

Medium of Examination : Hindi

### 2. Applicant's Details/आवेदक का विवरण

Photograph



| | |
|---|---|
| Applicant's Full Name | : NAVEEN |
| Applicant's Father Full Name | : FTEST |
| Gender | : Male |
| Marital Status | : Unmarried |
| Category | : General |
| Date Of Birth (DD-MM-YYYY) | : 01-11-1983 |
| Home State (Bonafide Resident ) | : RAJASTHAN |
| Home District | : AJMER |

### 3. Other Special Categories/ अन्य विशेष श्रेणियाँ

| | |
|---|---|
| Blind/Low Vision | : No |
| Hearing Impairment | : No |
| Locomotor/ C.P. Disabled | : No |
| Other Category | : Outstanding Sportsman,NCC Cadet |

### 4. Correspondence Details/ पत्राचार का विवरण


| | |
|---|---|
| Address | : 174/51 , Shastri Nagar ,RAJASTHAN ,AJMER ,AJMER ,AJAYSAR -305001 |
| Phone | : 01452122001 |
| Mobile | : 9001234567 |
| E-mail | : anantvijays@gmail.com |

### 5. Qualification / योग्यता

| | Year | Division/Grade | |
|---|---|---|---|
| Secondary : | 2002 | FIRST | |
| Sr. Secondary : | 2004 | FIRST | |
| Graduation : | 2007 | SECOND | Passed |
| Post Graduation : | 2009 | FIRST | Passed |

### 6. Additional Qualifications/Specifications / अतिरिक्त योग्यता / विनिर्देश


| | | |
|---|---|---|
| Other Specification/Qualification : | | |
| Extra Exam passed : | Ph.D. , | |
| Internship Period : | From Date : | To Date : |
| Experience : | Year : 1 Month : 6 Day : 0 | |




यदि आवेदन पत्र में भरी गयी सभी जानकारी सही है तो “Submit”“Submit” बटन पर क्लिक करें अन्यथा “Back” बटन पर क्लिक करके त्रुटियों को सुधार कर “Submit””Submit” बटन पर क्लिक करें |

(If all filled information is correct then click on “Submit” Button. If you have to correct some information then click on “Back” button, correct it and then click on “Submit” Button.)

**चरण – 7 :**




आपका आवेदन पंजीकृत कर लिया गया है | अपना Application ID / पंजीकरण संख्या को नोट कर लें | यह आवेदन पत्र के सम्बन्ध में लोक सेवा आयोग के साथ संवाद के लिए महत्वपूर्ण है | “Here” पर क्लिक करके अपने आवेदन पत्र की फाइल सेव करके रख लें या प्रिंट आउट निकल कर रख लें | भरे हुए आवेदन पत्र की प्रतिलिपि अभ्यर्थी के ईमेल पर भी भेज दी गयी है |